भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2586
मंगलवार, 4 अगस्त, 2026/13 श्रावण, 1948 (शक) को उत्तरार्थ

त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय में नामांकन

†2586. **श्री नवीन जिंदल**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की वर्तमान स्थिति और नामांकन की प्रगति क्या है;

(ख) क्या सरकार की यह सुनिश्चित करने की योजना है कि विश्वविद्यालय इस क्षेत्र के आकार के अनुरूप अपनी प्रशिक्षण अवसंरचना को बढ़ाने की भारी चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करे और इसकी पाठ्यचर्या जमीनी स्तर की सहकारी संस्थाओं हेतु एक प्रशिक्षित कार्यबल के रूप में परिवर्तित हो विशेषकर उन राज्यों में जहां सहकारी भेदन कम है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क): शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए विश्वविद्यालय में वर्तमान नामांकन निम्नानुसार है:

शैक्षणिक वर्ष	कार्यक्रम	नामांकित विद्यार्थियों की संख्या
2026-27	कृषि व्यवसाय प्रबंधन में एमबीए	53
	सहकारी बैंकिंग और वित्त में एमबीए	50
	सहकारी प्रबंधन में एमबीए	23
	ग्रामीण प्रबंधन में एमबीए	224
	कुल	**350**

(ख) और (ग): "त्रिभुवन" सहकारी यूनिवर्सिटी अधिनियम, 2025 के अधीन "त्रिभुवन" सहकारी यूनिवर्सिटी को सहकारी क्षेत्र की वर्तमान और भावी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए योग्य एवं प्रशिक्षित जनशक्ति प्रदान करने तथा साथ-साथ संबद्ध संस्थानों एवं इसके स्वयं के बाहरी परिसरों के अखिल भारतीय नेटवर्क का

निर्माण करके सहकारी समितियों के कर्मचारियों और बोर्ड सदस्यों को प्रशिक्षण, शिक्षा एवं क्षमता निर्माण प्रदान करने हेतु अधिदेशित किया गया है।

अधिदेश के अनुरूप, विश्वविद्यालय ने 10 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में 16 संस्थानों को संबद्ध करके अपने नेटवर्क का विस्तार किया है। संबद्ध संस्थानों की सूची संलग्नक-1 के रूप में संलग्न है ।

*****

संलग्नक-1

क्रम सं.	संस्थान का नाम	राज्य
1	वैमनीकॉम (वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान), पुणे	महाराष्ट्र
2	सहकारी प्रबंध संस्थान – जयपुर	राजस्थान
3	सहकारी और कॉरपोरेट प्रबंधन, अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान (आईसीसीएमआरटी) - लखनऊ	उत्तर प्रदेश
4	क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान – चंडीगढ़	चंडीगढ़
5	मानसिंहभाई इंस्टीट्यूट ऑफ डेयरी एंड फूड टेक्नोलॉजी (एमआईडीएफटी), मेहसाणा	गुजरात
6	सहकारी प्रबंध संस्थान – इंफाल – मणिपुर	मणिपुर
7	राष्ट्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान - गांधीनगर	गुजरात
8	डी. एन. एस. क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान – पटना	बिहार
9	सहकारी प्रशिक्षण केंद्र – रांची	झारखंड
10	सिक्किम स्टेट कोऑपरेटिव यूनियन	सिक्किम
11	इंदिरा गांधी सहकारी प्रबंध संस्थान, लखनऊ	उत्तर प्रदेश
12	नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट-हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी, पुणे	महाराष्ट्र
13	एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससीआई), हैदराबाद	तेलंगाना
14	फूड एंड एग्री बिजनेस स्कूल (एफएबी स्कूल), सागर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (एसजीआई), हैदराबाद	तेलंगाना
15	बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक), नोएडा	उत्तर प्रदेश
16	गुजरात राज्य सहकारी संघ (केंद्र: अहमदाबाद, नडियाड, भावनगर, सूरत)	गुजरात

*****